स्टार्टअप इकोसिस्टिम रिपोर्ट-2025

चर्चा में क्यों?

स्टार्टअप इकोसिस्टिम रिपोर्ट-2025 के अनुसार, उत्तर प्रदेश ने देश के स्टार्टअप इकोसिस्टिम में **तीसरा स्थान** प्राप्त किया है, जहाँ **26 स्टार्टअप्स ने** यूनिकॉर्न **का दर्जा प्राप्त किया है।**

मुख्य बिंदु

- **रिपोर्ट के बारे में:**
  - रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश ने **स्टार्टअप ईकोसिस्टिम** में उल्लेखनीय प्रगति की है। परिणामस्वरूप, राज्य में **14,000 से अधिक** स्टार्टअप्स उभर चुके हैं।
  - उत्तर प्रदेश **देश का पहला ऐसा राज्य** बन गया है, जहाँ **49 ज़िलों** में स्टार्टअप सक्रिय हैं।
  - पहले स्टार्टअप का केंद्र केवल **नोएडा, गाज़ियाबाद,** **लखनऊ** **और कानपुर** जैसे बड़े शहर थे, लेकिन अब छोटे शहरों में भी इनका तेज़ी से विकास हो रहा है।
- **उत्तर प्रदेश के शीर्ष 10 स्टार्टअप हब शहर**
  - **उत्तर प्रदेश के शीर्ष 10 स्टार्टअप हब शहर** में **नोएडा** सबसे आगे है, जहाँ **3418 स्टार्टअप्स** कार्यरत हैं। इसके बाद **लखनऊ** में **1789**, **गाज़ियाबाद** में **1582** और **कानपुर** में **586 स्टार्टअप्स** मौजूद हैं।
  - **वाराणसी** में **406**, **आगरा** में **359**, **मेरठ** में **291** और **प्रयागराज** में **283 स्टार्टअप्स** सक्रिय हैं। वहीं, **गोरखपुर** में **201** और **बरेली** में **177 स्टार्टअप्स** कार्यरत हैं।
- **उत्तर प्रदेश का देश में योगदान**
  - उत्तर प्रदेश का **भारत के कुल मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स में 9.6% योगदान** है।
  - **दिल्ली (10%) और कर्नाटक (10.6%)** से थोड़ा पीछे होने के बावजूद, उत्तर प्रदेश की तेज़ी से बढ़ती हिस्सेदारी इसे जल्द ही दूसरे स्थान पर पहुँचा सकती है।

यूनिकॉर्न:

परिचय:

- एक यूनिकॉर्न किसी भी **निजी स्वामित्व वाली फर्म** है जिसका बाज़ार पूंजीकरण **1 बिलियन अमेरिकी डॉलर** से अधिक है।
- यह अन्य उत्पादों/सेवाओं के अलावा **रचनात्मक समाधान और नए व्यापार मॉडल** पेश करने के लिये समर्पित नई संस्थाओं की उपस्थिति को दर्शाता है।
- फिनटेक, एडटेक, बिज़नेस-टू-बिज़नेस (B-2-B) कंपनियाँ आदि इसकी कई श्रेणियाँ हैं।

विशेषताएँ:

- **विभाजनकारी नवाचार:** अधिकतर सभी यूनिकॉर्न ने उस क्षेत्र में नवाचार लाए हैं जिससे वे संबंधित हैं, उदाहरण के लिये 'उबर' ने आवागमन के स्वरुप को बदल दिया है।
- **तकनीक संचालित:** यह व्यापार मॉडल नवीनतम तकनीकी नवाचारों और प्रवृत्तियों द्वारा संचालित होता है।
- **उपभोक्ता-केंद्रित:** इनका लक्ष्य उपभोक्ताओं के लिये कार्यों को सरल बनाना और उनके दैनिक जीवन का हिस्सा बनना है।
- **निजी स्वामित्व:** अधिकांश यूनिकॉर्न निजी स्वामित्व वाले होते हैं, जब एक स्थापित कंपनी इसमें निवेश करती है तो उनका मूल्यांकन और बढ़ जाता है।
- **सॉफ्टवेयर आधारित:** एक हालिया रिपोर्ट बताती है कि यूनिकॉर्न के 87% उत्पाद सॉफ्टवेयर हैं, 7% हार्डवेयर हैं और बाकी 6% अन्य उत्पाद एवं सेवाएँ हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/startup-ecosystem-report-2025